डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य प्रारम्भ

शाहजहांपुर, 04 दिसम्बर (तरुणमित्र)। नगर आयुक्त के निदेशांनुसार ठोस अपशिष्ट के प्रबंन्धन हेतु किये जा रहे प्रयास में नगर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत पायलट वार्ड खिरनीबाग में कुल पॉच समितियों का गठन किया गया।

पंडित राम प्रसाद बिस्मिल स्वच्छता समिति (काली बाडी, बाल्मीकि कालोनी, टीचर्स कालोनी) , पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वच्छता समिति (इदिंरा नगर कालोनी), कवि अग्निवेश शुक्ला स्वच्छता समिति (क्रिस्टेन कालोनी, केशवनगर कालोनी, सेठ इनक्लेव एंव कृष्णा रेसीडेंसी), बाबा विश्वनाथ स्वच्छता समिति (गोविंद गंज चर्च कालोनी)है, एवं विगत 29 नवंबर को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ,के नेतृत्व में पांचवी समिति ऑफिसर्स कॉलोनी स्वच्छता समिति का गठन किया गया, जिसके अन्तर्गत शुक्रवार को डोर-टूॅ-डोर कलेक्शन का कार्य प्रारम्भ किया गया, सभी समितियों द्वारा डोर-टू-डोर कलेक्शन का कार्य कराया जा रहा है एंव कूडे के संग्रहण हेतु उपभोगता शुल्क का निर्धारण भी किया गया। उपयोगिता शुल्क प्रत्येक उपभोक्ता को देना अनिवार्य होगा।